# भारत–नेपाल सीमा पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण एवं सघन काम्बिंग आपरेशन

श्रावस्ती 12 अप्रैल (भि0टा0सं0)। भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निरंतर निगरानी बनाए रखते हुए संभावित आपराधिक एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से 'पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती श्री घनश्याम चौरसिया' 'इंडो–नेपाल बॉर्डर का सघन भ्रमण एवं निरीक्षण' किया गया। निरीक्षण के दौरान 'थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत चौकी राजपुर मोड़' पर भारी पुलिस बल के साथ मोटर साइकिल सवार होकर 'सीमावर्ती जंगल क्षेत्रों में गहन कॉम्बिंग अभियान' संचालित किया गया। इस अभियान में 'संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की व्यापक चेकिंग' की गई तथा जंगल एवं गांव के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क दृष्टि बनाए रखने, नियमित गश्त जारी रखने, एवं हर संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।'सीमा क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु भविष्य में भी इसी प्रकार के सघन अभियान निरंतर जारी रहेंगे', ताकि किसी भी प्रकार की तस्करी, घुसपैठ अथवा अन्य अवांछनीय गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके।पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद एवं सहयोग की भावना बनाए रखते हुए सुरक्षा तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, जिससे सीमावर्ती जनपद में शांति एवं कानून–व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनी रहे। पुलिस द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि ा की जानकारी तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन नंबर पर साझा करें ताकि सुरक्षा व्यवस्था में जनसहयोग को भी प्रभावी रूप से जोड़ा जा सके।

# सेमरी चौराहे पर पुलिस ने अतिक्रमण पर चलाया हंटर

## एसपी ने स्वयं संभाली कमान,अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

डेली न्यूज नेटवर्क

**श्रावस्ती**। जनपद मुख्यालय भिनगा से सेमरी चौराहे वाले मार्ग हुए अतिक्रमण पर पुलिस ने हंटर चलाया। भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने स्वयं कमान सम्हाल रखी थीं। पुलिस ने अतिक्रमण करने वालों कों सख्त चेतावनी भी दिया है। कि भविष्य में अतिक्रमण किया तो कड़ी कार्यवाई की जायेगीं। उल्लेखनीय है भिनगा कोतवाली अर्न्तगत भिनगा सेमरी मार्ग पर कई स्थानों पर अतिक्रमण देखने को मिल रहा है सबसे विकट स्थित सेमरी चौराहे पर है। अतिक्रमण के चलते प्रायः पैदल व वाहन से जाते समय दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। अतिक्रमण की समस्या पर एसपी की नजर पड़ी एसपी ने पुलिस बल के साथ स्वयं मौके पर पहुंचकर एक एक

सेमरी चौराहे पर अतिक्रमण हटवाते एसपी घनश्याम चौरसिया

अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दिया, और अतिक्रमण हटवायां। इसी के साथ भचिष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दियां। अचानक भारी संख्या में पुलिस बल के साथ एसपी को देखकर लोगों में हड़कम्प मच गया।